**Media Release**

तुरंत रिलीज के लिए

## अपनी राय दें और ब्रैम्पटन को ग्रीन सिटी रखने में मदद करें

### *अर्बन फोरेस्ट मैनेजमेंट प्लान और पार्कलैंड डेडिकेशन स्ट्रैटजी सर्वेक्षण अब ऑनलाइन उपलब्ध हैं*

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (14 मार्च, 2022) – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने, कम्युनिटी पेड़ों और पार्कों में वृद्धि करने के लिए, अर्बन फोरेस्ट मैनेजमेंट प्लान (Urban Forest Management Plan) सर्वेक्षण और पार्कलैंड डेडिकेशन स्ट्रैटजी (Parkland Dedication Strategy) सर्वेक्षण शुरू किया है।

<u>अर्बन फोरेस्ट मैनेजमेंट प्लान सर्वेक्षण</u>

सिटी के पहले अर्बन फोरेस्ट मैनेजमेंट प्लान (यू.एफ.एम.पी.) (UFMP) की ड्राफ्ट सारांश, कम्युनिटी इनपुट के लिए तैयार है।

ब्रैम्पटन के अर्बन फोरेस्ट में शामिल हैं, सिटी की सीमाओं के अंदर सार्वजनिक और निजी दोनों, ज़मीनों पर सभी पेड़ और उनके बढ़ते परिवेश। यू.एफ.एम.पी. (UFMP), मौजूदा पेड़ों को सुरक्षित रखकर और पेड़ कैनोपी का विस्तार करके, ब्रैम्पटन के अर्बन फोरेस्ट को कायम रखने और इसमें वृद्धि करने के लिए कार्यनीति संबंधी दिशा प्रदान करेगा।

इस ड्राफ्ट सारांश में, सिटी ने अब तक, रिसर्च, विश्लेषण और भागीदारी के आधार पर की जाने वाली 36 कार्रवाईयों की पहचान की है।

यू.एफ.एम.पी., ब्रैम्पटन के ग्रो ग्रीन एन्वायरनमेंटल मास्टर प्लान (Grow Green Environmental Master Plan) का हिस्सा है। यू.एफ.एम.पी., ब्रैम्पटन के 2040 विजन (Brampton 2040 Vision) और कम्युनिटी एनर्जी एंड एमिशन्स रिडक्शन प्लान (सी.ई.ई.आर.पी.) (Community Energy and Emissions Reduction Plan) (CEERP) पर भी ध्यान देता है। इसका लक्ष्य 2040 तक ब्रैम्पटन में एक मिलियन पेड़ लगाना है।

निवासियों और स्टेकहोल्डर्स को, 11 मार्च, 2022 से 1 अप्रैल, 2022 तक, ड्राफ्ट सारांश पर ऑनलाइन अपने विचार साझे करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। सर्वेक्षण में हिस्सा लेने के लिए, www.brampton.ca/trees पर जाएं।

<u>पार्कलैंड डेडिकेशन स्ट्रैटजी सर्वेक्षण</u>

सिटी, अपने कई पार्कों और कुदरती विरासत वाली जमीनों की हिमायत के लिए प्रतिबद्ध है। सिटी की नई पार्कलैंड डेडिकेशन स्ट्रैटजी का उद्देश्य, ब्रैम्पटन की बढ़ती कम्युनिटी में अधिक ग्रीन स्पेस की जरूरत पर ध्यान देना है। यह स्ट्रैटजी, नए पार्कलैंड डेडिकेशन बाइ-

लॉ (Parkland Dedication By-Law) के बारे में सूचित करने और पार्क्स एंड रेक्रिएशन मास्टर प्लान, 2017 (Parks and Recreation Master Plan, 2017) की सिफारिशों को आगे बढ़ाने में मदद करेगी।

स्ट्रैटजी के लिए शुरूआती अध्ययन, कम्युनिटी इनपुट के लिए तैयार है। निवासियों और स्टेकहोल्डर्स को, 11 मार्च, 2022 से 1 अप्रैल, 2022 तक, अध्ययन पर ऑनलाइन अपने विचार साझे करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। अधिक जानने और सर्वेक्षण में हिस्सा लेने के लिए यहां क्लिक करें (Click here to learn more and take the survey)।

**हवाले**

"ब्रैम्पटन एक ग्रीन सिटी है, जहां कई पार्क और प्राकृतिक विरासत भूमि है, जहां सभी आनंद लेते हैं। सिटी लगातार यह सुनिश्चित करती रहेगी कि पब्लिक और स्टेकहोल्डर्स को शामिल किया जाता रहे, जब हम पार्कलैंड डेडिकेशन स्ट्रैटजी और अर्बन फोरेस्ट मैनेजमेंट प्लान विकसित कर रहे हैं। मैं हर किसी को सलाह देता हूं कि इन सर्वेक्षणों में हिस्सा लें और हमारे पार्कों तथा पेड़ों को हरा-भरा रखने में मदद करें।"

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"यदि आप ब्रैम्पटन में आउटडोर जगहों में आनंद लेते हैं, तो पार्कलैंड डेडिकेशन स्ट्रैटजी और अर्बन फोरेस्ट मैनेजमेंट प्लान आपकी सहायता करेगा। ब्रैम्पटन एक विकासशील देश है और हमें आपके इनपुट की जरूरत है क्योंकि हम पार्कों और पेड़ों की देखभाल के लिए हमारी कार्यनीतियों का विस्तार कर रहे हैं। आज ही ये संक्षिप्त सर्वेक्षण पूरे करें!"

- *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"पार्क, कुदरती विरासत वाली जमीनें तथा पेड़, हमारी कम्युनिटी के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। पार्कलैंड डेडिकेशन स्ट्रैटजी और अर्बन फोरेस्ट मैनेजमेंट प्लान के बारे में अपनी राय दें क्योंकि हम ब्रैम्पटन के पार्कों और पेड़ों के लिए इन महत्वपूर्ण पहलकदमियों को आगे बढ़ा रहे हैं।"

- *शार्मेन विलियम्स (Charmaine Williams), सिटी काउंसलर, वार्ड्स 7 और 8; वाइस-चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया

multiculturalmedia@brampton.ca